प्रादेशिक समाचार

दिनांक–01.04.2025 (सुबह 08:30 बजे)

मुख्य समाचार

1. वित्त वर्ष 2025–2026 का नया बजट आज से हो रहा है लागू, सरकार की घोषणाओं के अनुरूप टैक्स, यूपीआई, न्यूनतम बैंक बैलेंस समेत लगभग दो सौ वस्तुओं की नई कीमतें होंगी लागू।
2. राज्य सरकार आज से खनिजों पर बाजार दर पर वसूलेगी रॉयल्टी, कोयले से लगभग आठ हजार करोड़ रूपये की अतिरिक्त आमदनी होने का अनुमान।
3. साहिबगंज के बरहेट एमजीआर रेल लाइन पर दो माल गाड़ियों की आमने–सामने की टक्कर में दो ड्राइवरों की मौत और चार अन्य घायल।
4. पूरे राज्य में धूमधाम से मनाया जा रहा है राजकीय प्रकृति पर्व– सरहूल, राजधानी रांची में आज निकाली जायेगी भव्य शोभायात्रा, राज्यपाल और मुख्यमंत्री ने राज्यवासियों को दी बधाई।
5. चौथे साउथ एशिया फेडरेशन गेम्स की मेजबानी झारखंड को मिली, तीन मई से पांच मई तक रांची में आयोजित प्रतियोगिता में सात देशों के तीन सौ खिलाड़ी लेंगे हिस्सा।

*******************

वित्त वर्ष 2025–2026 का नया बजट आज एक अप्रैल से लागू हो रहा है। केंद्र सरकार ने एक फरवरी को बजट पेश करते हुए जिन चीजों की घोषणाएं की थीं, वह आज से लागू हो जायेंगी। सरकार की घोषणाओं के तहत कुछ उत्पादों पर सीमा शुल्क घटायी गयी थी जबकि कुछ वस्तुओं में बढ़ाई गयी थी। इससे लगभग दो सौ वस्तुओं की कीमतें प्रभावित होंगी।

*******************

राज्य सरकार आज से खनिजों पर रॉयल्टी और सेस में बदलाव कर रही है। इसके तहत सरकार कोयले पर रॉयल्टी बाजार दर पर वूसलेगी। इसका सबसे अधिक प्रभाव कोल इंडिया की कंपनी सीसीएल, इसीएल और बीसीसीएल पर पड़ेगा। इन कंपनियों द्वारा उत्पादित अधिकांश कोयला पावर प्लांटों को बेचा जाता है, जिसकी रॉयल्टी दर बाजार मूल्य से कम होती है, लेकिन अब समान दर से रॉयल्टी की वसूली की जायेगी। राज्य सरकार के इस फैसले से कोयले से सालाना आठ हजार करोड़ रूपये की अतिरिक्त रॉयल्टी प्राप्त होने का अनुमान है।

*******************

साहिबगंज के बरहेट एमजीआर रेल लाइन पर दो माल गाड़ियों की आमने–सामने की टक्कर में दो ड्राइवरों की मौत हो गई जबकि चार लोग घायल हुए हैं। बरहेट थाना प्रभारी अपनी टीम के साथ मौके पर पहुंचे और बचाव कार्य शुरू कराया। यह घटना आज तड़के लगभग 3 बजे की है। एक ही रेल ट्रैक पर दो मालगाड़ी का आ जाना जांच का विषय है।

*******************

अल्पसंख्यक कार्य मंत्री किरेन रिजिजू ने सभी राजनीतिक दलों से संसद में वक्फ संशोधन विधेयक पर विस्तृत चर्चा में भाग लेने की अपील की है। नई दिल्ली में श्री रिजिजू ने कहा कि विधेयक तैयार है।

*******************

पूर्व मुख्यमंत्री चंपई सोरेन ने कल सरायकेला–खरसांवा के कांड्रा मोड़ में भाजपा कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि धर्मांतरण की रोकथाम के लिए संथाल परगना से शुरू हुआ आंदोलन अब बंगाल, ओड़िशा और बिहार में भी फैलाया जाएगा, ताकि आदिवासी समाज को सुरक्षित किया जा सके।

*******************

राष्ट्रीय राजमार्गों पर बने टोल प्लाजा में आज से वाहन चालकों को बढ़ी हुई दर से टोल टैक्स का भुगतान करना होगा। सोमवार आधी रात से यह लागू हो गया है।

*******************

राजधानी रांची समेत पूरे राज्य में तीन दिवसीय राजकीय प्रकृति पर्व सरहूल धूमधाम से मनाया जा रहा है। आज सरहूल की भव्य शोभायात्रा निकाली जायेगी। शोभायात्रा में आदिवासी संस्कृति और परंपरा की झलक देखने को मिलेगी।

इधर राज्यपाल संतोष गंगवार और मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने राज्यवासियों को सरहूल की बधाई दी है। उन्होंने राज्य की खुशहाली की कामना की है।

इससे पहले सरहूल की पूर्व संध्या पर पारंपरिक तरीके से पूजा अनुष्ठान किया गया। कई जगहों पर कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। कार्यक्रम को मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की और मंत्री चमरा लिंडा ने संबोधित किया।

*******************

आस्था का महापर्व चैती छठ आज से शुरू हो रहा है। दो अप्रैल को खरना अनुष्ठान, तीन को पहला अर्घ्य और 4 अप्रैल को उदीयमान सूर्य को अर्घ्य अर्पित करने के साथ ही यह पर्व संपन्न हो जायेगा।

इधर, चैत्र रामनवमी को लेकर आज अंतिम मंगलवारी जुलूस निकाला जायेगा। बता दें कि छह अप्रैल को रामनवमी है।

*******************

गिरिडीह में एक बार फिर दो पक्षों के बीच विवाद में माहौल बिगाड़ने का प्रयास किया गया। हालांकि गिरिडीह पुलिस की सक्रियता के कारण स्थिति को नियंत्रित कर लिया गया है। घटना नगर थाना क्षेत्र के धरियाडीह में हुई। मौके पर पुलिस बल तैनात है।

*******************

बिरसा मुंडा एयरपोर्ट प्रबंधन ने एक से सात अप्रैल तक के लिए विमानों के आगमन और प्रस्थान को लेकर समर शेड्यूल जारी किया है। राजधानी रांची से अब 28 की जगह 31 विमान संचालित हो रहे हैं।

*******************

मौसम विभाग ने झारखंड समेत कई राज्यों में इस बार हीट वेव का प्रभाव अधिक रहने का अनुमान जताया है। भारतीय मौसम विभाग के प्रमुख मृत्युंजय महापात्र ने बताया कि अधिकांश क्षेत्रों में न्यूनतम तापमान भी सामान्य से अधिक रहने की संभावना है।

*******************

और अब खेल समाचार

चौथे साउथ एशिया फेडरेशन गेम्स की मेजबानी झारखंड को मिली है। यह तीन मई से पांच मई तक रांची के मोरहाबादी स्थित बिरसा मुंडा स्टेडियम में आयोजित होगा। प्रतियोगिता में सात देशों के तीन सौ से अधिक एथलीट भाग लेंगे।

बिहार के राजगीर में अगस्त महीने में एशिया कप हॉकी का आयोजन होगा। प्रतियोगिता 29 अगस्त से 7 सितंबर तक राजगीर हॉकी स्टेडियम में आयोजित होगी।

आईपीएल टी–20 क्रिकेट में मुंबई इंडियंस ने बीती रात कोलकाता नाइट राइडर्स को आठ विकेट से हरा दिया। आज शाम साढ़े सात बजे लखनऊ सुपर जायंट्स का मुकाबला पंजाब किंग्स से होगा।

*******************

<u>और अब अखबारों की सुर्खियां–</u>

रांची से प्रकाशित होने वाले प्रमुख अखबारों ने इस साल सामान्य से अधिक लू चलने की खबर को प्रमुखता से प्रकाशित किया है।

प्रभात खबर ने स्कूली शिक्षा मंत्री रामदास सोरेन के हवाले से लिखा है– री एडमिशन फी ली तो ढाई लाख तक लगेगा जुर्माना।

दैनिक भास्कर ने लिखा है– आज से टैक्स, यूपीआई, क्रेडिट कार्ड, बैंकों में मिनिमम बैलेंस समेत कई नियम बदलेंगे।

हिंदुस्तान की खबर है–केंद्र पर बकाये की गणना करा रही झारखंड सरकार।

दैनिक जागरण ने फर्जी दस्तावेज पर नौकरी करने वाले 22 लोगों पर प्राथमिकी दर्ज होने की खबर को पहले पेज पर जगह दी है।

अंग्रेजी अखबार द टाईम्स ऑफ इंडिया ने निधि तिवारी को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के निजी सचिव बनाये जाने और हिंदुस्तान टाइम्स ने धनबाद में पीएफ क्लर्क की गिरफ्तारी की खबर को प्रमुखता से प्रकाशित किया है।

***************